एक नजर में

## अभिनेत्री अन्नू दीदी पहुंची गजासीन शनि धाम



**इंदौर .** टीवी एक्ट्रेस जिन्होंने इंटरनेशनल मूवी वन होप, वेब सीरीज मिर्जापुर, बॉलीवुड फिल्मों रावड़ी राठौर, तुम्हारी सुलु, दरबार समेत कई प्रोजेक्ट्स में शानदार अभिनय करने के साथ ही फेमस टीवी सीरियल शक्ति और रियलिटी शो लाफ्टर चैलेंज व लाफ्टर शेफ में अपनी खास उपस्थिति दर्ज कराने वाली अन्नू दीदी ऊषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम मंदिर पहुंचीं . अन्नू दीदी ने यहाँ शनि देव का पूजन अभिषेक कर आरती में शामिल होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया . उनके आगमन से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला . उन्होंने बताया कि वह धाम की प्रसिद्धि सुनकर दर्शन के लिए विशेष रूप से मुंबई से इंदौर आई, मंदिर में दर्शन कर असीम शांति का अनुभव हुआ, यहां की सकारात्मक ऊर्जा बहुत अधिक है . वहीं दादू महाराज संस्थान की ओर से उनका स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल पुष्प माला देकर सम्मान किया गया . महामंडलेश्वर दादू महाराज, अशोक भुसारी, संदीप अंबेकर, नानेश तायड़े, सुमित बालानी, सौरभ मर्खेडकर के द्वारा सम्मान किया गया। संचालन जयंत करंदीकर ने किया, वही आशीष साहू, नवीन मंडलोई, सन्नी जादम, राहुल बुंदेला सहित कई भक्त उपस्थित थे .

## नि :शुल्क हीलिंग द हार्ट मेडिटेशन वर्कशॉप



**इंदौर .** हरिओम योग केंद्र, एनीवेसेंट स्कूल रोड) में नि :शुल्क हीलिंग द हार्ट मेडिटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया . कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व प्रसिद्ध मेडिटेशन कोच डॉ . एम . एस . होरा ने बताया कि आज की तेज रफ्तार और आपा-धापी भरी जीवनशैली के कारण लोगों में मेंटल स्ट्रेस, उदासी, गुस्सा, चिंता, डर और अधीरता अत्यधिक मात्रा में बढ़ रही है . इन मानसिक कारणों के चलते समाज में हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हार्ट डिसीज, अवसाद, अनिद्रा और ऑटोइम्यून बीमारियों के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है . इसके साथ ही आधुनिक जीवनशैली के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर पड़ रही है और जीवन की गुणवत्ता गिरती जा रही है . नियमित ध्यान शरीर और मन दोनों के लिए रामबाण औषधि की तरह कार्य करता है . ध्यान करने से वेगस नर्व की सक्रियता बढ़ती है, जिससे शरीर शांत अवस्था में प्रवेश करता है हार्ट रेट व ब्लड प्रेशर नियंत्रित होते हैं . नियमित ध्यान प्रैक्टिस से हार्ट हेल्थ, इम्युनिटी, माइंड-क्लैरिटी, रिलेशनशिप और समग्र जीवन ऊर्जा में गहरा सकारात्मक परिवर्तन देखा जाता है . वर्कशॉप में उपस्थित प्रतिभागियों ने प्राणायाम, ब्रेथ-अवेयरनेस, हार्ट-हीलिंग मेडिटेशन और माइंड-रिलेक्स करने की तकनीकों का अभ्यास किया . विशेष रूप से चोइथराम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के एचओडी डॉ . हेमंत शर्मा उपस्थिति थे . कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने डॉ . एम . एस . होरा का आभार व्यक्त किया .

## मिले जो कड़ी-कड़ी कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति



**इंदौर .** जाल सभागृह में आयोजित संगीत कार्यक्रम मिले जो कड़ी-कड़ी ने दर्शकों के दिलों में एक अविस्मरणीय छाप छोड़ दी . इस शो ने सभागार को सुरों और तालियों से भर दिया . कार्यक्रम में शहर के अनेक उभरते और स्थापित कलाकारों ने क्लासिक फिल्मी गीतों, रोमांटिक डुएट्स और दमदार सोलो परफ़ॉर्मेंस से माहौल को जीवंत कर दिया . दर्शकों ने हर प्रस्तुति पर भरपूर सराहना दी और कलाकारों का उत्साह दोगुना किया . कार्यक्रम की शुरुआत अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, उनके सदाबहार गीतों की प्रस्तुति से की गई . कार्यक्रम के आयोजक नितिन महेश्वरकर ने बताया कि मिले जो कड़ी-कड़ी इस शाम में, कलाकारों ने अपने नाम के अनुरूप, सभी को एक खूबसूरत डोर में बाँध दिया . गायक-कलाकार नितिन महेश्वरकर, भूपेंद्र मेहता, अश्विनी व्यास, देवेंद्र सिनरकर, राजेश्वरी त्रिवेदी, संध्या चौहान, मोनिका व्यास और शबनम वर्मा . थे . आभार राजेश्वरी त्रिवेदी ने माना . दर्शकों के उत्साह और कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने इस कार्यक्रम को सफल बना दिया .

## मुद्रा संग्राहक आदित्य को लीजेंड ऑफ़ इंडिया अलंकरण



**इंदौर .** सामान्य व्यक्ति के लिए किसी सिक्के की कीमत साधारण ही होगी लेकिन पारखी और संग्रहकर्ता के लिए उसका मूल्य लाखों में होता है . पुराने सिक्के संग्रह करने का काम चुनौतीपूर्ण तो है ही, इससे तत्कालीन समय और शासन व्यवस्था का इतिहास भी पता चल सकता है . डाक टिकिट और सिक्कों के संग्रह से हम अपने अतीत और इतिहास से रूबरू होते हैं . एसएनसी सोसाइटी कोटा द्वारा महेश्वरी भवन में आयोजित तीन दिवसीय डाक टिकिट, सिक्का एवं नोट्स की दुर्लभ प्रदर्शनी में लीजेंड ऑफ़ इंडिया अलंकरण से सम्मानित इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा विद्वान गिरीश शर्मा आदित्य ने अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए . कोटा रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश बिरला ने उन्हें यह अलंकरण प्रदान किया . प्रारंभ में सोसाइटी के फाउंडर सौरभ लोढ़ा ने बताया कि प्रदर्शनी में 100 से ज्यादा स्टाल लगे गए हैं . प्रदर्शनी स्थल पर इस अलंकरण समारोह के दौरान गिरीश शर्मा के मुद्रा संग्रह एवं अन्य चित्रों को भी विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया था . इस अवसर पर मुंबई की समाजसेवी संस्था ख्याल के म .प्र . प्रभारी पीयूष कुमार, राजस्थान के प्रभारी हर्ष कुमार, शैलचित्र खोजी ओमप्रकाश कुक्की, पुरालिपी ज्ञाता शिवप्रताप सिंह, मनोज जैन, राजीव जैन सहित अनेक अतिथि मौजूद थे .

नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180

# आईएस वर्मा पर कार्रवाई की मांग, ब्राह्मण समाज ने ज्ञापन सौंपा

▶ अजाक्स के प्रांतीय अधिकारी का बयान ब्राह्मण समाज का अपमान



**कुक्षी।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा से पदोन्नत होकर आईएएस संवर्ग में आये कृषि विभाग मे पदस्थ उप सचिव स्तर के अधिकारी तथा अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा पिछले दिनों भोपाल में आयोजित अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में आरक्षण के समर्थन में की गई टिप्पणी की आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी उसके बेटे को दान नहीं कर दे अथवा उससे सबंध नहीं बना ले तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। अजाक्स के प्रांतीय अधिकारी का यह बयान ना केवल आपत्तिजनक है बल्कि यह सम्पूर्ण ब्राह्मणसमाज का अपमान है शादी विवाह निजी जिंदगी है इससे आरक्षण का क्या लेना देना है? द्य ब्राह्मण बेटियां कोई वस्तु नहीं जो दान में दे दी जाय ब्राह्मण बेटियों के विरुद्ध वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का ऐसा कहा जाना अत्यंत हीं निंदनीय है । ब्राह्मण बेटियों पर इस तरह की असभ्य और अपमान जनक कथन को ब्राह्मण समाज कभी भी स्वीकार नहीं करेगा राज्य सरकार को ऐसे अधिकारी पर तुरन्त हीं एफ आर आई दर्ज करना चाहिए जिसकी बेहूदा टिप्पणी से जातिगत विद्वेष फैलता हो । सर्व ब्राह्मण समाज तहसील कुक्षी द्वारा एस डी एम कुक्षी को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नाम ज्ञापन सौंप कर आई ए एस संतोष वर्मा के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन का वाचन पंडित दीपक शर्मा ने किया इस अवसर पर बडी संख्या मे ब्राह्मण समाजजन उपस्थित थे उक्त जानकारी समाज अध्यक्ष पंडित कमलेश परसाई ने दी ।

### जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नें वर्मा के बयान का किया समर्थन

उधर जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा नें प्रेस नोट जारी कर बताया की संतोष वर्मा के बयान की पूरी व्याख्या को गलत दिशा में ले जाया गया है। वर्मा ने किसी भी समाज की बहनङ्कबेटियों का अपमान नहीं किया है। उन्होंने सामाजिक सौहार्द और समरसता की बात करते हुए रोटी-बेटी व्यवहार' का उदाहरण दिया था। उनका स्पष्ट कहना था की फ्रजब तक ऊँची जाति और निम्न जाति के परिवारों के बीच रोटी-बेटी (सामाजिक और वैवाहिक) संबंध स्थापित नहीं होते, तब तक आरक्षण को आर्थिक आधार पर लागू करने की बात करना उचित नहीं है।

# दंतोली में दौलतपुरा तालाब से पाइप चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा



**सरदारपुर ।** ग्राम दंतोली में दौलतपुरा तालाब से पाइप चोरी के मामले का दसई चौकी पुलिस द्वारा खुलासा किया गया हैं। मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी के पाइप बरामद किए हैं।दसई चौकी प्रभारी जगदीशचंद्र निनामा ने बताया कि शक्तिसिंह राठौर निवासी दंतोली ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 25 नवंबर को उनके खेत दौलतपुरा तालाब से अज्ञात बदमाश पानी की मोटर व पाइप चुराकर ले गए हैं। मामले में धार एसपी मयंक अवस्थी तथा एएसपी पारुल बेलापुरकर व विजय डावर के निर्देश पर एवं सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार व अमझेरा थाना प्रभारी राजू मकवाना के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर बदमाशो की तलाश शुरू की गई।

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामसिंह पिता अम्बाराम खराड़ी निवासी दौलतपुरा व दिनेश पिता नदनराम बारिया निवासी आनंदखेड़ी को गिरफ्तार कर आरोपियो से चोरी की गए 16 पाइप कीमत 12 हजार रुपये के जप्त किए हैं। आरोपियो से प्रकरण में पूछताछ जारी हैं।

आरोपियो की गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी जगदीशचन्द्र निनामा की टीम के प्रधान आरक्षक मन्नूसिह भूरिया अब्दुल रउफ खान, आरक्षक मेहरबानसिंह गुर्जर व तथा सैनिक भेरूलाल पाटीदार का योगदान रहा हैं।



## गीता महोत्सव कार्यक्रम को विशेष उत्साह के साथ मनाया

**सरदारपुर ।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय सरदारपुर में शासन के निर्देशानुसार गीता महोत्सव कार्यक्रम को विशेष उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती रोमा मंडलोई शामिल हुए। कार्यक्रम में गीता के मुख्य श्लोक और उनका अनुवाद को संस्था के उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री चंद्रकांत द्विवेदी के द्वारा बच्चों सुनाया गया। गीता के महत्व पर प्रकाश डाला गया ।साथ ही गीता महोत्सव पर शासन द्वारा प्रदत्त प्रतियो को विद्यार्थियों के बीच वितरित की गई । श्री अभिषेक जैन सर के द्वारा प्रेरणा गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि द्वारा संस्था मे इस प्रेरणा गीत को बच्चों द्वारा प्रतिदिन गाने का अनुरोध किया गया तथा संस्था प्राचार्य श्री झेड पटेल सर ने उनकी इस बात को सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर प्राचार्य झेड एस पटेल के द्वारा गीता सार की आज के जीवन में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। बच्चों को विद्यार्थियों को गीता सार की बातों को ध्यान में रखते हुए अपने कर्म की ओर केंद्रित रहने हेतु कहा गया। संस्था की शिक्षिका डॉ शिरीन कुरैशी मैडम के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम मे आभार प्रदर्शन श्री शांतिलाल वसुनिया के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था स्टाफ के अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

## चार्जिंग माइक सेट से बीएलओ क्षेत्र में एसआईआर के बारे में बता रहे

**सरदारपुर । निवाचन आयोग के द्वारा एस आइ आर के तहत मतदाता सूचित का पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। आदिवासी अंचल मे जागरूकता कि कमी एवं अशिक्षित होने से लोग बी एल ओ से डर भी रहे है।**

**लोगों में डर दूर करने ओर बी एल ओ को सही जानकारी मिले इसके लिए दिव्यांग शिक्षक संजय बघेल प्राथमिक शिक्षक एकीकृत माध्यमिक विद्यालय इडरिया ने बीड़ा उठाया है। बी एल ओ सुपरवाइजर बघेल सुबह 7 बजे अपने घर से अपनी तिन पहिया बाइक लेकर क्षेत्र के गावों मे निकलते है ओर अपने निजी खर्च से खरीदा चार्जिंग माइक सेट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के बिच पहुंचकर उन्हे एस आई आर के बारे मे विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराते है।**

**माइक से आकर्षित होते है** लोग -दिव्यांग शिक्षक बघेल बताते है कि आज कल ग्रामीण क्षेत्र मे समान बेचने आने वाले व्यापारी भी माइक का उपयोग कर अपना समान बेचते है। जैसे ही माइक कि आवाज आती है लोग अपना काम छोड़कर इकट्ठा होकर ध्यान से सुनते है। ये नवाचार करने से बी एल ओ का कार्य आसान हो रहा है। बघेल को 8 बूथों का सुपरवाइजर बनाया गया है। जिन पर 60 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है शेष प्रगति पर है। शिक्षक बघेल के साथ बी एल ओ एवं अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहते है जो तुरंत मतदाताओं के फार्म भर देते है।



## प्याज के उचित दाम नहीं मिलने से किसान परेशान



**सरदारपुर न्यूज़.** प्याज का उचित मूल्य नहीं मिलने से किसान भारी संकट का सामना कर रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि कई किसान मजबूरी में अपनी प्याज की फसल फेंकने पर मजबूर हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने अपनी फसल को बच्चों की तरह संभालकर रखा, घर से निकालकर मंडी तक भेजा, लेकिन वहाँ किरायाङ्कभाड़ा काटने के बाद केवल कुछ रुपए ही मिल पा रहे हैं।

किसानों का लाखों का नुकसान हो रहा है और इस बार प्याज की फसल की लागत भी निकल नहीं पा रही है। इससे किसान कितने विकास की ओर बढ़ रहे हैं, इसका अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता है। मौजूदा स्थिति ने प्याज उत्पादक किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, जिससे वे गहरी चिंता में हैं।



## डॉ . अखिलेश शर्मा के काव्य संग्रह 'शब्द शाश्वत है' का लोकार्पण

**इंदौर. मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के सभागार में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अखिलेश शर्मा के काव्य संग्रह शब्द शाश्वत है का विमोचन एवं पुस्तक पर चर्चा का कार्यक्रम संपन्न हुआ.**

मुख्य अतिथि डॉ. विकास दवे ने कहा की संवेदना ईश्वर प्रदत्त होती है और उनकी रचनाओं में संवेदना झलकती है. वे समाज की विकृतियां व विद्रूपताओं से लड़ने वाले रचनाकार हैं. सारस्वत अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पद्मा सिंह ने कहा कि शब्द हमें शीर्ष पर पहुंचाते हैं, शब्द जीने की प्रेरणा देते हैं. सांसों की आवाजाही को शब्द ही ताकत देते हैं इसीलिए शब्द शाश्वत हैं. पुस्तक की मूल बात उनकी दार्शनिक विचारधारा है. पुस्तक पर चर्चा करते हुए चर्चाकार डॉ. अर्पण जैन अविचल ने कहा कि पुस्तक बहुत सरल और सहज शब्दावली में रचित है. पुस्तक ही होती है जो समाज से लेखक का रचनाकार के रूप में परिचय कराती है.

एक नजर में ▶ संघ स्थापना के शातब्दी वर्ष में रवीन्द्र नाट्यगृह में प्रमुख नागरिक गोष्ठी आयोजित

# हिन्दुत्व, भारत की आत्मा है : होसबोले





**इंदौर.** पुराणों और दुनिया के विभिन्न विद्वानों ने हिन्दू और हिन्दुस्तान को अलग-अलग कालखंडों में परिभाषित किया. भारत, मानव धर्म का देश है, जो सृष्टि में एकत्व का दर्शन करता है, इसकी सृष्टि के प्रति कृतज्ञता की दृष्टि है. यहाँ पुरुषार्थ के आधार पर आत्मा की मुक्ति के प्रयासों के पुरुषार्थ और सत्य को जीवन में आचरण में लाने का उद्देश्यपूर्ण जीवन है. यह मानव धर्म विश्व को बताने वाले हिन्दू है, जिनके जीवन में यह परिलक्षित भी होता है. मानव कल्याण के लिये धर्म की संकल्पना हिन्दूओं का महानतम योगदान है.

उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने संघ स्थापना के शातब्दी वर्ष में रविवार को रवीन्द्र नाट्यगृह में आयोजित प्रमुख नागरिक गोष्ठी में व्यक्त किये. गोष्ठी के प्रथम सत्र में 'संघ यात्रा के सौ वर्ष' विषय पर बोलते हुए श्री होसबोले ने संघ स्थापना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य को स्पष्ट किया. उन्होंने कहा संगठन के अभाव, आचरण में धर्म को छोड़ने, पराधीनता के काल में सांस्कृतिक आत्महीनता और स्वार्थ केन्द्रित लालसा के कारण समाज पतन की ओर अग्रसर हुआ एवं पराधीन भी हुआ. अत: व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय चारित्र्य से युक्त समाज के निर्माण के लिये डॉ हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना की. प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के द्वारा समाज जीवन में भारत केन्द्रित विचार पर चलने वाले संगठन खड़े किये. अपने अलौकिक नेतृत्व से समाज के प्रमुख लोगों से संवाद कर संघकार्य को आगे बढ़ाया. आपदाओं में संघ कार्यकर्ता सदैव अग्रणी रहे है.

### संस्कृति का मूल एक है

द्वितीय सत्र में हिन्दुत्व विषय पर अपने उद्बोधन में आपने हिन्दुत्व को भारत की पहचान बताया . हिन्दुत्व का मार्ग 'भी' का मार्ग है . ईश्वर इस मार्ग से भी प्राप्त हो सकता और उस मार्ग से भी, यह हिन्दू विचार है . ऐसा बोलने वाला समाज हिन्दू है, इस भूमि में रहने वाले इस समाज के कारण यह हिन्दू राष्ट्र है .